भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2932

उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2021
14 श्रावण, 1943 (शक)

खेल अवसंरचना पर व्यय की गई धनराशि

2932. श्रीमती कविता सिंह :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय खेल संघों के माध्यम से बिहार राज्य को खेलकूद के लिए आवंटित की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बिहार के सीवान जिले में अवसंरचना के विकास हेतु आवंटन बढ़ाने के लिए कोई बजट तैयार किया गया है; और

(ग) इस जिले में खेल अवसंरचना पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है । तथापि, भारत सरकार खेलों के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम और खेलो इंडिया स्कीम सहित अन्य स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की स्कीमें पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हैं और इस तरह बजटीय आवंटन स्कीम-वार किया जाता है न कि विशेष रूप से किसी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के लिए । इन स्कीमों से सरकार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए

खिलाड़ियों को तैयार करने और खेल अवसंरचना के विकास के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के प्रयासों की पूर्ति करने में मदद मिलती है ।

खेलो इंडिया स्कीम के तहत बिहार राज्य में संस्वीकृत खेल अवसंरचना का ब्यौरा अनुबंध- । में दिया गया है ।

****

अनुबंध-I

श्रीमती कविता सिंह द्वारा दिनांक 05.08.2021 के लिए पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2932 के पैरा (क) से (ग) के संदर्भ में सूचना

खेलो इंडिया स्कीम के तहत बिहार राज्य में संस्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रुपये)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृति की तारीख**	**संस्वीकृत राशि**
1.	नवादा में बहुउद्देशीय इंडोर हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
2.	रंगभूमि मैदान, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना ।	18.12.2020	7.00
3.	तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय कैंपस, भागलपुर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
4.	बोटनी कैंपस बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
5.	जेपी विश्वविद्यालय, छपरा, राहुल सांस्कृतायन नगर, छपरा में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
6.	जेपी विश्वविद्यालय, छपरा, राहुल सांस्कृतायन नगर, छपरा में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना।	18.12.2020	7.00
7.	सैदपुर कैंपस, पटना विश्वविद्यालय, पटना में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
8.	सैदपुर कैंपस, पटना विश्वविद्यालय, पटना में स्विमिंग पूल का निर्माण ।	18.12.2020	5.00
9.	न्यू कैंपस, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	18.12.2020	4.50
10.	बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबोर कैम्पस, भागलपुर में स्विमिंग पूल का निर्माण ।	18.12.2020	5.00
11.	सारण में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण ।	09.04.2021	4.50

****